Roll No.----------------------

| प्रश्नपुस्तिका क्रमांक<br>Question Booklet No. |
|---|
| |

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

| प्रश्नपुस्तिका सिरीज<br>Question Booklet Series<br>**D** |
|---|

# LL.B (Fourth Semester) Examination, January-2022

# LL.B404

# LABOUR LAW-II

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सिरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

354

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Under which section of the payment of Bonus Act, 1965 provision related to payment of minimum is contained :
(A) Section 9
(B) Section 11
(C) Section 10
(D) Section 12

1. बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 की कौन सी धारा न्यूनतम बोनस देने का प्रावधान करती है :
(A) धारा 9
(B) धारा 11
(C) धारा 10
(D) धारा 12

2. 'Allocable Surplus' under the Bonus Act, 1965 means :
(A) 33% of the available surplus
(B) 67% of the available surplus
(C) 65% of the available surplus
(D) 50% of the available surplus

2. बोनस अधिनियम, 1965 के अन्तर्गत आवंटनीय अधिशेष का अर्थ है :
(A) उपलब्ध अधिशेष का 33%
(B) उपलब्ध अधिशेष का 67%
(C) उपलब्ध अधिशेष का 65%
(D) उपलब्ध अधिशेष का 50%

3. The ceiling on Wage or salary for calculating Bonus under the payment of Bonus Act, 1965 is :
(A) Rs. 2,500/=
(B) Rs. 3,500/=
(C) Rs. 4,500/=
(D) Rs. 5,500/=

3. बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के अन्तर्गत बोनस की गणना हेतु मजदूरी अथवा वेतन पर लगाई गई सीमा है :
(A) रू 2,500/=
(B) रू 3,500/=
(C) रू 4,500/=
(D) रू 5,500/=

4. The term 'Bonus' is :
(A) Defined under the payment of Bonus Act 1965
(B) Undefined under the payment of Bonus Act
(C) A facet of social security
(D) Both (B) and (C) are true

4. 'बोनस' शब्द :
(A) बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के अन्तर्गत परिभाषित है
(B) बोनस भुगतान अधिनियम के अन्तर्गत अपरिभाषित है
(C) सामाजिक सुरक्षा का एक पहलू है
(D) दोनो (B) और (C) सही है

5. The total amount of deductions from Wages of employees should not exceed :

(A) 40% of the wages

(B) 25% of wages

(C) 40% of wages

(D) 50% of wages

6. Deduction for the absence from work under payment of Wages Act, 1936 is :

(A) Unauthorized Deduction

(B) Authorized Deduction

(C) Partly authorized and partly unauthorized

(D) None of the above

7. The Section of payment of Wages Act covering deduction for damage or loss is :

(A) Section 10

(B) Section 9

(C) Section 12

(D) Section 7

8. 'Authorized Deduction' in wages in wages means :

(A) Deduction in wages permitted by any Act

(B) Deductions permitted under payment of Wages Act only

(C) Deduction made in Wages by authority of other Acts are illegal under this Act

(D) Both (B) and (C) are correct

5. कर्मचारियों की मजदूरी से सम्पूर्ण कटौती अधिक नहीं होनी चाहिए :

(A) 'मजदूरी' के 40% से

(B) मजदूरी के 25% से

(C) मजदूरी के 40% से

(D) मजदूरी के 50% से

6. कार्य से अनुपस्थिति के लिए की गई कटौती होगी, मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के अन्तर्गत :

(A) अनाधिकृत कटौती

(B) अधिकृत कटौती

(C) भागतः अधिकृत तथा भागतः अनाधिकृत

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. मजदूरी भुगतान अधिनियम की वह धारा जो क्षति अथवा हानि को भी कटौती में सम्मिलित करती है, वह है :

(A) धारा 10

(B) धारा 9

(C) धारा 12

(D) धारा 7

8. 'मजदूरी' में अधिकृत कटौती का अर्थ है :

(A) मजदूरी में सभी कटौतियाँ जो किसी भी अधिनियम द्वारा अधिकृत हैं

(B) केवल वे ही कटौतियाँ जो मजदूरी भुगतान अधिनियम द्वारा अधिकृत हो

(C) अन्य अधिनियमो के तहत की गई कटौतियाँ इस अधिनियम में गैर विधिक होंगी

(D) दोनों (B) और (C) सही हैं

9. Under the payment of Wages Act, 1936 the provision related to only authorized deductions from wages be made is contained in :

(A) Section 7(2)
(B) Section 7(1)
(C) Section 8(2)
(D) Section 8(1)

10. The maximum wage period for the payment of wages is :

(A) One month
(B) 40 days
(C) 45 days
(D) Two months

11. Minimum Wages pay able under the payment of Wages Act, 1936 shall be paid in :

(A) Kind
(B) Cash
(C) Either cash or in kind
(D) Partly in cash or in kind

12. Who advises the Appropriate Government for Co-ordinating work of committees and sub-committees under the Minimum Wages Act, 1948

(A) Advisory Board
(B) High Court
(C) Local Authority
(D) Chief Committee

9. मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 की वह धारा जो केवल अधिकृत कटौतिया करने का प्रावधान करती हैं, वह है :

(A) धारा 7(2)
(B) धारा 7(1)
(C) धारा 8(2)
(D) धारा 8(1)

10. मजदूरी देने के लिए अधिकतम मजदूरी कालावधि है :

(A) एक माह
(B) 40 दिन
(C) 45 दिन
(D) दो माह

11. न्यूनतम मजदूरी का भुगतान 'न्यूनतम मजदूरी अधिनियम' के अन्तर्गत किया जायेगा :

(A) प्रकार में
(B) नकद में
(C) या तो नकद में या प्रकार में
(D) भागतः नगद में तथा भागतः प्रकार में

12. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत कौन 'समुचित सरकार' को समितियों तथा उप–समितियों के कार्यों के मध्य समन्वय बनाने की सलाह देता है :

(A) सलाहकारी बोर्ड
(B) उच्च न्यायालय
(C) स्थानीय प्राधिकारी
(D) प्रमुख समिति

13. The Appropriate Government may fix the Minimum Wages under the Minimum Wages Act :
(A) By the hour
(B) By the day
(C) By the month
(D) Any of the above

14. Which among the following is included from the definition of 'Wages' under the Minimum Wages Act, 1948 :
(A) House Rent Allowance
(B) Dearness Allowance
(C) Basic salary
(D) All the above

15. Point out the best option :
(A) Fair wage is above Minimum Wage
(B) Minimum Wage is the least of all three wages
(C) Fair wage lies between Minimum wage and living wage
(D) All the above are correct

16. Which kind of Employee is not mentioned in Minimum Wages Act :
(A) Skilled Employee
(B) Adhoc Employee
(C) Semi-skilled Employee
(D) Unskilled Employee

13. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अन्तर्गत 'समुचित सरकार' न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण कर सकती है :
(A) प्रति घंटा की दर से
(B) प्रति दिन की दर से
(C) प्रति माह की दर से
(D) उपरोक्त में से कोई भी

14. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 'मजदूरी' की परिभाषा में निम्न में किसको सम्मिलित नहीं किया गया है :
(A) गृह किराया भत्ता
(B) महँगाई भत्ता
(C) मूल वेतन
(D) उपरोक्त सभी को

15. सर्वोत्कृष्ट विकल्प का चयन करें :
(A) उचित मजदूरी न्यूनतम मजदूरी से ऊपर है
(B) न्यूनतम मजदूरी तीनों मजदूरियों में सबसे कम है
(C) उचित मजदूरी, न्यूनतम मजदूरी तथा जीवन–निर्वाह मजदूरी के मध्य आती है
(D) उपरोक्त सभी सही हैं

16. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम में निम्न में से किस प्रकार के कर्मचारी का उल्लेख नहीं है :
(A) कुशल कर्मचारी
(B) तदर्थ कर्मचारी
(C) अर्द्धकुशल कर्मचारी
(D) अकुशल कर्मचारी

17. Section 2(d) of the Minimum Wages Act is related to :

(A) Scheduled Employments

(B) Living Price Index

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)

17. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम की धारा 2(d) संबंधित है :

(A) अनुसूचित नियोजनों से

(B) निर्वाह व्यय सूचकांक से

(C) (A) और (B) दोनों सही है

(D) न तो (A) और न ही (B) से

18. "Industrial Establishment" has been defined under Minimum Wages Act in Section :

(A) 2 (ii)

(B) 2 (i)

(C) 3 (i)

(D) 3 (ii)

18. 'औद्योगिक प्रतिष्ठान' को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम में परिभाषित किया गया है धारा :

(A) 2 (ii) में

(B) 2 (i) में

(C) 3 (i) में

(D) 3 (ii) में

19. Procedure for firming and revising Minimum Wages is contained in which Section of the Minimum Wages Act, 1948 :

(A) Section 5

(B) Section 7

(C) Section 8

(D) Section 9

19. न्यूनतम मजदूरी की गणना करने तथा पुनर्विलोकन की प्रक्रिया का उल्लेख किस धारा में किया गया है :

(A) धारा 5 में

(B) धारा 7 में

(C) धारा 8 में

(D) धारा 9 में

20. The types of wages mentioned under the Minimum Wages Act, 1948 do not include :

(A) Minimum wage

(B) Fair wage

(C) Extra ordinary wage

(D) Living wage

20. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 में वर्णित मजदूरी के प्रकारों में सम्मिलित नहीं है :

(A) न्यूनतम मजदूरी

(B) उचित मजदूरी

(C) असाधारण मजदूरी

(D) जीवन–निर्वाह मजदूरी

21. The terms "Appropriate Government" and "Wages" under the Minimum Wages Act and payment of Wages Act 1936 have :
(A) Same meaning
(B) Different meaning
(C) Limited meaning under payment of Wages Act, 1936
(D) None of the above

22. 'Adolescent' under the Minimum Wages Act, 1948 means a person :
(A) Who is 18 years of age
(B) Completing 14 years of age but is below 18 years
(C) Who has not completed 14 years of age
(D) None of the above

23. Which among the following is not an object of Minimum wages Act, 1948 :
(A) To increase the efficiency of workers
(B) To Encourage competition among the employers regarding Minimum Wages
(C) To raise the stander of living of workers
(D) Strong then Labour Unions

24. The power to fix Minimum wages has been entrusted to which authority under the Minimum Wages Act, 1948 :
(A) Appropriate Government
(B) State Government
(C) Central Government
(D) Indian Labour Commissioner

21. 'समुचित सरकार' तथा 'मजदूरी' शब्दावली का अर्थ जो न्यूनतम मजदूरी अधिनियम में है, उनका अर्थ मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के अन्तर्गत :
(A) वही है
(B) अलग है
(C) मजदूरी भुगतान अधिनियम में सीमित है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 'तरूण' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है :
(A) जो 18 वर्ष का हो
(B) जिसने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो परन्तु 18 वर्ष का न हुआ हो
(C) जिसने 14 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

23. निम्न में से कौन न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 का उद्देश्य नहीं है :
(A) श्रमिकों की कार्य क्षमता में अभिवृद्धि करना
(B) सेवानियोजकों के मध्य न्यूनतम मजदूरी के संबंध में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना
(C) श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाना
(D) श्रमिक संघों को मजबूत करना

24. मजदूरी की न्यूनतम दर निर्धारित करने की शक्ति न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत किस प्राधिकारी को प्राप्त है :
(A) समुचित सरकार को
(B) राज्य सरकार को
(C) केन्द्र सरकार को
(D) भारतीय श्रमिक आयुक्त को

25. The term 'Wages' is defined under which of the following sections of minimum wages Act, 1948 :
(A) Section 2(h)
(B) Section 2(f)
(C) Section 2(d)
(D) Section 2(e)

25. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम की किस धारा में 'मजदूरी' को परिभाषित किया गया है :
(A) धारा 2(h) में
(B) धारा 2 (f) में
(C) धारा 2 (d) में
(D) धारा 2 (e) में

26. The definition of chief employer is given under which section of the ESI Act 1948 :
(A) Section 2(15)
(B) Section 2(17)
(C) Section 2(11)
(D) Section 2(14)

26. "मुख्य नियोजनकर्ता" की परिभाषा ESIअधिनियम 1948 के किस धारा में दी गई है :
(A) धारा 2(15) में
(B) धारा 2(17) में
(C) धारा 2(11) में
(D) धारा 2(14) में

27. Which among the following does not comes under Jurisdiction of ESI court :
(A) Whether a person is an employee under the ESI Act
(B) Rate of contribution to be paid by Principal employer for an employee
(C) Deciding a title of the property
(D) Entitlement of a person for any benefit under the Act

27. निम्न में से कौन ESI न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं होगा :
(A) क्या कोई व्यक्ति ESI अधिनियम के अन्तर्गत कर्मचारी है
(B) प्रधान नियोजक किस दर से किसी कर्मचारी हेतु अंशदान करेगा
(C) किसी संपत्ति के हक का निर्धारण करना
(D) किसी व्यक्ति अधिनियम के अन्तर्गत प्रसुविधा प्राप्त करने का हक

28. Choose best option- Under Section 54 of the ESI Act, The ESI court can be established by :
(A) State Government
(B) A notification must be published in official gazette only then ESI court can be stablished
(C) Notification must mention Jurisdiction of the court
(D) All the above are correct

28. सर्वोत्कृष्ट विकल्प का चयन करें– ESI अधिनियम की धारा 54 के अनुसार ESI न्यायालय की स्थापना होगी :
(A) राज्य सरकार द्वारा
(B) ऐसे न्यायालय की स्थापना सरकारी राज्यपत्र में अधिसूचना प्रकाशित करके ही होगी
(C) अधिसूचना में न्यायालय की अधिकारिता बताई गई हो
(D) उपरोक्त सभी सही है

29. The Section of the ESI Act 1948 related to 'Contribution' is :
(A) Section 2(4)
(B) Section 2(2)
(C) Section 2(1)
(D) Section 2(5)

29. ESI अधिनियम 1948 की कौन सी धारा 'अंशदान' से संबंधित है :
(A) धारा 2(4)
(B) धारा 2(2)
(C) धारा 2(1)
(D) धारा 2(5)

30. Under the ESI Act the term 'Employee' is defined under Section :
(A) 2(9)
(B) 2(7)
(C) 2(6)
(D) 2(8)

30. ESI अधिनियम के अन्तर्गत 'कर्मचारी' शब्द को परिभाषित किया गया है धारा :
(A) 2(9) में
(B) 2(7) में
(C) 2(6) में
(D) 2(8) में

31. Under ESI Act partners of a firm are employees or not :
(A) Partners are employees
(B) Partners are not employees because their position is very different from employees of a firm
(C) Though partners may get remuneration for his work, yet he is not employee
(D) Both (B) and (C) are true

31. फर्म के भागीदार ESI Act के अन्तर्गत भागीदार है कि नही :
(A) भागीदार कर्मचारी है
(B) भागीदार कर्मचारी नही है क्योंकि उनकी स्थिति कर्मचारियों से भिन्न होती है।
(C) भागीदार हालांकि अपने कार्य के कारण कुछ पारिश्रमिक पाने से कर्मचारी नहीं है।
(D) (B) और (C) दोनों सही हैं।

32. 'Benefit Period' under the ESI Act is contained in :
(A) Section 2(2) of the Act
(B) Section 2(1) of the Act
(C) Section 3(1) of the Act
(D) Section 3(2) of the Act

32. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम, के अन्तर्गत 'लाभ अवधि' का प्रावधान है :
(A) धारा 2(2) में
(B) धारा 2(1) में
(C) धारा 3(1) में
(D) धारा 3(2) में

33. The provision for constitution of standing committee of Employees State insurance Corporation is contained in which Section of ESI Act :

(A) Section 8
(B) Section 7
(C) Section 10
(D) Section 12

33. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अन्तर्गत किस धारा में 'कर्मचारी राज्य बीमा निगम' की स्थायी समिति के गठन का प्रावधान है :

(A) धारा 8 में
(B) धारा 7 में
(C) धारा 10 में
(D) धारा 12 में

34. Point out the incorrect option :

(A) Employees Insurance court has powers of a civil court for summoning and ensuring the attendance of witnesses
(B) Order of ESI court will be enforced as a decree of a civil court
(C) A civil court has jurisdiction to decide any question or disputed mentioned in Section 75(3) of the Act
(D) Principles of Natural justice are followed by court

34. गलत विकल्प को इंगित करें :

(A) कर्मचारी बीमा न्यायालय के पास सिविल न्यायालय की शक्ति गवाहों को बुलाने तथा उनकी हाजिरी सुनिश्चित करने के संबंध में है।
(B) कर्मचारी बीमा न्यायालय का आदेश सिविल की डिक्री के समान प्रवृतनीय होता है।
(C) सिविल न्यायालय को कर्मचारी बीमा अधिनियम की धारा 75(3) में वर्णित मामलों अथवा विवादों को सज्ञान लेने की अधिकारिता है।
(D) नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का अनुपालन ESI न्यायालय द्वारा होता है।

35. 'Employment injury' under the ESI Act covers :

(A) Bodily or personal injury to an employee caused in non-seasonal factories or establishment
(B) Such injury must arise during the course of employment
(C) Covers accidental or occupational diseases
(D) All the above are included

35. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत सम्मिलित है :

(A) दैहिक या व्यक्तिगत क्षति जो किसी कर्मचारी को गैर–मौसमी कारखानों अथवा प्रतिष्ठानों में कारित हुई हो।
(B) ऐसी क्षति नियोजन के दौरान कारित हुई हो
(C) संवृत करती है दुर्घटना जनित क्षति तथा व्यवसायिक रोग को।
(D) उपरोक्त सभी सही हैं।

36. 'Exempted Employee' under the Employees State Insurance Act means :
(A) An employee who is not liable to pay under the Act the Employee's contribution
(B) Minor Employee
(C) Minor female Employee
(D) None of the above

37. As per the latest amendment the wage limit for employees to be covered under the Employees State Insurance Act is :
(A) Rs. 15,000/= Per month
(B) Rs. 18,000/= Per month
(C) Rs. 25,000/= Per month
(D) Rs. 20,000/= Per month

38. The Employer's share of contribution under the ESI Act, 1948 is :
(A) 4.75%
(B) 1.75%
(C) 8.33%
(D) 2.1%

39. The age of dependent for obtaining dependent's benefit under the Employees State Insurance Act has now been enhanced from 18 years to :
(A) 25 years
(B) 21 years
(C) 30 years
(D) 22 years

36. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत 'छूट प्राप्त' कर्मचारी से आशय है :
(A) वह कर्मचारी जो अधिनियम के अन्तर्गत 'कर्मचारी अंशदान' करने हेतु दायी नहीं है।
(B) अवयस्क कर्मचारी
(C) अवयस्क महिला कर्मचारी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

37. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम में नवीनतम संशोधन के अनुसार अब अधिनियम से आच्छादित होने के लिए कर्मचारियों की मजदूरी धनराशि सीमा होनी चाहिए :
(A) रू 15,000/= प्रतिमाह
(B) रू 18,000/= प्रतिमाह
(C) रू 25,000/= प्रतिमाह
(D) रू 20,000/= प्रतिमाह

38. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत नियोजनकर्ता का अंशदान होता है :
(A) 4.75%
(B) 1.75%
(C) 8.33%
(D) 2.1%

39. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम के अन्तर्गत आश्रित लाभ पाने के लिए आश्रित की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर कर दी गई है :
(A) 25 वर्ष
(B) 21 वर्ष
(C) 30 वर्ष
(D) 22 वर्ष

40. Under the Employees StateInsurance Act, 1948 medical care is provided to retired and permanently disable insured person and their spouses in payment of token annual premium of :

(A) Rs. 175/=

(B) Rs. 125/=

(C) Rs. 120/=

(D) Rs. 100/=

41. Which among the following benefits have not been provided under the ESI Act, 1948 :

(A) Sickness benefit

(B) Unemployment allowance

(C) Children's allowance

(D) Disablement benefit

42. The ESI Act, 1948 provides certain benefits to the employees in case of :

(A) Sickness

(B) Maternity

(C) Employment injury

(D) In all of the above

43. Immediate Employer also means and includes such person :

(A) Who provided services of employees appointed by him for principal employer

(B) Above service provided for rent, credit or in temporary manner

(C) Both (A) and (B) are true

(D) Provided service for cash

40. राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम, 1948 चिकित्सा लाभ सेवानिवृत्त एवं स्थायी निर्योग्यत युक्त बीमित व्यक्तियों तथा उनके जीवनसाथी को भी प्राप्त होगा, जब वे केवल सांकेतिक वार्षिक प्रीमियम कि निम्न में से किस धनराशि का भुगतान कर दें :

(A) रू 175/=

(B) रू 125/=

(C) रू 120/=

(D) रू 100/=

41. ESI अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत निम्न में से कौन सी प्रसुविधा नहीं दी जाती है :

(A) बीमारी लाभ

(B) बेरोजगारी भत्ता

(C) संतान भत्ता

(D) निःशक्तता भत्ता

42. ESI अधिनियम, 1948 कर्मचारियों को कुछ प्रसुविधा प्रदान करता है, किस स्थिति में :

(A) रूग्णावस्था में

(B) प्रसूति अवस्था में

(C) नियोजन क्षति में

(D) उपरोक्त सभी स्थितियों में

43. निकटतम नियोजक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत और सम्मिलित है जिसने :

(A) अपने द्वारा नियुक्ति कर्मचारियों से मुख्य नियोजक को सेवायें प्रदान करायी हो

(B) उपरोक्त सेवायें भाड़े पर, उधार पर या अस्थायी रूप से दी गई हो

(C) दोनो (A) और (B) सत्य हैं

(D) उसने सेवाएं नकद भुगतान पर दी हैं

44. The manufacture of Coffee, Lac, Rubber, Sugar and Tea would come under :

(A) Non seasonal factory
(B) Seasonal factory
(C) Partially under (A) and (B) both
(D) None of the above

44. काफी, लाख, रबर, चीनी एवं चाय का विनिर्माण आयेगा :

(A) गैर–मौसमी कारखाने में
(B) मौसमी कारखाने में
(C) भागतः (A) और (B) दोनों में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

45. The definition of Principal Employer is given under which Section the Employees State Insurance Act :

(A) Section 2(17)
(B) Section 2(6)
(C) Section 2(16)
(D) Section 2(7)

45. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत मुख्य नियोजक की परिभाषा दी गई है

(A) धारा 2(17)
(B) धारा 2(6)
(C) धारा 2(16)
(D) धारा 2(7)

46. At present the Employees State Insurance Act is applicable to :

(A) Most of the Indian States
(B) Most of the Indian States and Union Territories
(C) Whole of India including Union of Jammu and Kashmir
(D) In whole of South East Asia

46. वर्तमान में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम लागू है :

(A) भारत के अधिकांश राज्यों में
(B) भारत के अधिकांश राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में
(C) संपूर्ण भारत जिसमें केन्द्र शासित राज्य जम्मू कश्मीर भी सम्मिलित है
(D) संपूर्ण दक्षिण–पूर्व एशिया में

47. The Employees State Insurance Act become operative from the date :

(A) 20th April, 1948
(B) 19th April, 1948
(C) 20th April, 1949
(D) 19th April, 1949

47. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम लागू हुआ जिस तिथि से वह थी :

(A) 20 अप्रैल, 1948
(B) 19 अप्रैल, 1948
(C) 20 अप्रैल, 1949
(D) 19 अप्रैल, 1949

48. The Legislation which was passed by Indian Parliament on Professor C. P. Adarkar Report was :
(A) Employees State Insurance Act, 1948
(B) Payment of Wages Act, 1936
(C) Factories Act, 1948
(D) Workmen Compensation Act, 1923

49. The most comprehensive social security legislation for employees is :
(A) Factories Act 1948
(B) Minimum wages Act, 1948
(C) Workmen compensation Act 1923
(D) Employees State Insurance Act-1948

50. The Employees State Insurance Act 1948 is a :
(A) Social Security Legislation
(B) Beneficial Legislation
(C) It provides sickness and employment injury compensation benefits to employees
(D) All the above are true

51. The Authority under the factories Act, 1948 which can prescribe the form of 'Certificate of fitness to work' in a factory is :
(A) The owner of the factory
(B) Certifying surgeon
(C) State Government
(D) Chief Inspector of State factories

48. भारतीय संसद द्वारा प्रोफेसर सी० पी० अडारकर रिपोर्ट के आधार पर पारित किया गया विधायन था :
(A) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948
(B) मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936
(C) कारखाना अधिनियम, 1948
(D) कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923

49. कर्मचारियों के लिए सबसे वृहद सामाजिक सुरक्षा विधायन है :
(A) कारखाना अधिनियम, 1948
(B) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948
(C) कर्मकार प्रतिकार अधिनियम, 1923
(D) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948

50. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 है एक :
(A) सामाजिक सुरक्षा अधिनियम
(B) हितकारी विधेयक
(C) यह रूग्णावस्था और नियोजन संबंधी क्षतियों हेतु प्रतिकर प्रसुविधा प्रदान करता है।
(D) उपरोक्त सभी सही हैं।

51. फैक्टरी अधिनियम, 1948 के अनुसार निम्न में से कौन प्राधिकारी एक फैक्टरी में 'कार्य के लिए स्वस्थता प्रमाणपत्र' का फार्म निर्धारित कर सकता है :
(A) फैक्टरी का स्वामी
(B) प्रमाणकर्त्ता सर्जन
(C) राज्य सरकार
(D) राज्य की फैक्टरियों का प्रमुख निरीक्षक

52. Under the factories Act, 1948 the term 'Adult' is defined under Section :
(A) 2(a) of the Act
(B) 2(f) of the Act
(C) 2(c) of the Act
(D) 2(b) of the Act

53. 'Wages' under the payment of Wages Act must be paid :
(A) 7th working day
(B) 10th working day
(C) 15th working day
(D) Any working day

54. Time of Payment of Wages is covered under which of the following Sections of Payment of Wages Act, 1936 :
(A) Section 5
(B) Section 12
(C) Section 14
(D) Section 4

55. As per the Payment of Wages Act provisions on the termination of employment of any employee, the pending wages of such employee must be paid the date after mination in :
(A) 2 working days
(B) 7 working days
(C) 5 working days
(D) 10 working days

52. फैक्टरी अधिनियम, 1948 की किस धारा में 'वयस्क' शब्द को परिभाषित किया है :
(A) अधिनियम की धारा 2(a) में
(B) अधिनियम की धारा 2(f) में
(C) अधिनियम की धारा 2(c) में
(D) अधिनियम की धारा 2(b) में

53. मजदूरी भुगतान अधिनियम के अन्तर्गत मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए :
(A) 7वें कार्य दिवस पर
(B) 10वें कार्य दिवस पर
(C) 15वें कार्य दिवस पर
(D) किसी भी कार्य दिवस पर

54. 'मजदूरी के भुगतान का समय' से संबंधित प्रावधान मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 की किस धारा में है :
(A) धारा 5 में
(B) धारा 12 में
(C) धारा 14 में
(D) धारा 4 में

55. मजदूरी भुगतान अधिनियम के प्रावधानुसार जब किसी कर्मचारी की सेवायें समाप्त की जाये तो सेवा समाप्ति की तिथि से उसकी बकाया मजदूरी का भुगतान हो जाना चाहिए :
(A) 2 कार्य दिवस में
(B) 7 कार्य दिवस में
(C) 5 कार्य दिवस में
(D) 10 कार्य दिवस में

56. Under the Payment of Wages Act, 1936 Appripriate Government in case of Indian Railways is :

(A) State Government
(B) Central Government
(C) Local municipal corporation
(D) None of the above

56. मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के तहत 'भारतीय रेल' के संबंध में समुचित सरकार हैः

(A) राज्य सरकार
(B) केन्द्र सरकार
(C) स्थानीय मयून्सिपल कार्पोरेशन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. The Central Advisory Board under the Minimum Wages Act, 1948 is constituted by the :

(A) Central Government under Section 8 of the Act
(B) Central Government under Section 7 of the Act
(C) State Government under Section 8 of the Act
(D) Both Central and State Government

57. 'न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948' के अन्तर्गत 'केन्द्रीय सलाहकार परिषद' का गठन किया जाता है :

(A) केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 8 के तहत
(B) केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 7 के तहत
(C) राज्य सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 8 के तहत
(D) राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार दोनों द्वारा

58. The person employed in a factory or any establishment through a contractor would come under the purview of Employees (Workman) Compensation Act, 1923 :

(A) Yes, (will come)
(B) No, (will not come)
(C) Depends upon relevant circumstances
(D) Position is uncertain

58. कोई भी व्यक्ति जो किसी फैक्टरी या अन्य प्रतिष्ठान में ठेकेदार के माध्यम से नियोजित हो, वह कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम, 1923 की परिधि में आयेगा :

(A) हाँ, (आयेगा)
(B) नहीं, (नहीं आयेगा)
(C) उपयुक्त परिस्थितियों पर निर्भर करेगा
(D) स्थिति अनिश्चित है

59. The workman (now Employee) Compensation Act, 1923 is not applicable to :
(A) Members of the Armed forces
(B) Persons insured under ESI Act, 1948
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

59. कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकार अधिनियम, 1923 लागू नही होती है :
(A) सशस्त्र सेना के सदस्यों पर
(B) व्यक्ति जो ESIअधिनियम, 1948 के अन्तर्गत बीमित है
(C) दोनों (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. Under the Employees (earlier workmen) Compensation Act, 1923 when owing to death of working (employed) wife of a handicap disabled person then deceased wife is dependant would be :
(A) Widower husaband only
(B) Children only
(C) Both widower husband & children
(D) None of the above

60. कर्मचारी (पूर्व में कर्मकार) प्रतिकर अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत जब किसी शारीरिक रूप से निर्योग्य विकलांग व्यक्ति की नियोजित कर्मचारी पत्नी की मृत्यु हो जाती है, तब मृत महिला के आश्रित होंगे :
(A) विधुर–पति केवल
(B) बच्चे केवल
(C) दोनों विधुर पति तथा बच्चे
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

61. The injury caused <u>to fingers of the left and right hands</u>during the course as per employment to an employee ESI Act 1948 will come under :
(A) Permanent total disability
(B) Permanent partial disability
(C) Temporary partial disability
(D) Temporary permanent disability

61. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अनुसार सेवा के दौरान किसी कर्मचारी को उसके दाँये अथवा बाँये हाथ की अंगुलियों से कारित क्षति होगी :
(A) स्थायी पूर्ण निर्योग्यता
(B) स्थायी आंशिक निर्योग्यता
(C) अस्थायी आंशिक निर्योग्यता
(D) अस्थायी पूर्ण निर्योग्यता

62. The Section of Payment of Bonus Act, 1965 dealing with Time-limit for Payment of Bonus is :
(A) Section 12
(B) Section 14
(C) Section 13
(D) Section 19

62. बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 की वह धारा जो कि बोनस भुगतान के संबंध में समय–सीमा से संबंधित है, वह है :
(A) धारा 12
(B) धारा 14
(C) धारा 13
(D) धारा 19

63. Section 25 of the Payment of Bonus Act, 1965 deals with :

(A) Recovery of bonus due from an employer

(B) Audit of accounts of employers not being corporations or companies

(C) Eligibility fo Bonus

(D) Set off of allocable surplus

63. बोनस भुगतान अधिनियम की धारा 25 संबंधित है :

(A) नियोजक द्वारा देय बोनस की प्राप्ति से

(B) नियोजकों जो कि निगम या कंपनी न हो के लेखाओं के ऑडिट से

(C) बोनस के लिए अर्हता से

(D) आवँटित अधिशेष के मुजरे से

64. The Section of Payment of Bonus Act, 1965 dealing with disqualification for bonus is :

(A) Section 12 of the Act

(B) Section 14 of the Act

(C) Section 9 of the Act

(D) Section 19 of the Act

64. बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 की वह धारा जो बोनस के संबंध अनहर्ता का प्रावधान करती है, वह है :

(A) अधिनियम की धारा 12

(B) अधिनियम की धारा 14

(C) अधिनियम की धारा 9

(D) अधिनियम की धारा 19

65. In case of <u>permanent totaldisablement</u> the compensation to be paid by employer would be :

(A) 60% of monthly wages×Relevant factor or 1.4 lakhs which even is higher

(B) 50% of monthly wages×Relevant factor or 1.4 lakhs which is higher

(C) 60% of monthly wages×Relevant factor or Rs. 1.4 lakhs

(D) None of the above

65. किसी कर्मकार के स्थायी पूर्ण निर्योग्यता की दशा में नियोजक द्वारा देय प्रतिकर होगा :

(A) 60% मासिक मजदूरी का× संगत कारक अथवा रू0 1.4 लाख जो अधिक हो

(B) 50% मासिक मजदूरी का × संगत कारक अथवा रू0 1.4 लाख जो अधिक हो

(C) 60% मासिक मजदूरी का × संगत कारक अथवा रू0 1.4 लाख जो अधिक हो

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. Under the workmen (now Employee) compensation Act-1923, which of the following is not dependant of workman (employee):

(A) Minor Legitimale-Son

(B) Minor Illegitimale-Son

(C) Daughter-in-law

(D) Widow

66. कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम 1923 के अन्तर्गत निम्न में से कौन किसी कर्मकार (कर्मचारी) का आश्रित नहीं है :

(A) धर्मज अवयस्क पुत्र

(B) अधर्मज अवयस्क पुत्र

(C) पुत्र वधू

(D) विधवा

67. As per the provisions of factories Act, 1948. "First Aid Box' is to be provided to every :

(A) 150 workers

(B) 160 workers

(C) 180 workers

(D) 200 workers

67. फैक्ट्री एक्ट 1948 के प्रावधानों के अनुसार ''फर्स्ट ऐड बॉक्स'' की व्यवस्था की जाये प्रतिः

(A) 150 श्रमिकों के लिये

(B) 160 श्रमिकों के लिये

(C) 180 श्रमिकों के लिये

(D) 200 श्रमिकों के लिये

68. The maximum working hours of an adult worker in a factory in a week are :

(A) 52

(B) 48

(C) 60

(D) 40

68. एक फैक्ट्री में एक वयस्क श्रमिक के अधिकतम कार्य घंटे एक सप्ताह में होंगे :

(A) 52

(B) 48

(C) 60

(D) 40

69. The factories Act, provides that all the workers who have worked atleast for 240 days in a year are entitled to Annual leave with wages for :

(A) 12 working days

(B) 14 working days

(C) 10 working days

(D) 7 working days

69. फैक्टरी अधिनियम में यह प्रावधानित है जो भी श्रमिक साल में कुछ 240 दिनों तक कार्यरत रहे हो वे वार्षिक अवकाश मजदूरी सहित पाने के हकदार होंगे, जिनकी संख्या होगी :

(A) 12 कार्य दिवस

(B) 14 कार्य दिवस

(C) 10 कार्य दिवस

(D) 7 कार्य दिवस

70. Article 24 of the Indian Constitution prohibits child labour employment in any factory or mine or their engagement in hazardous employments 'Child' in this article is a person who is :

(A) 12 years of age
(B) 15 years of age
(C) Below 14 years of age
(D) None

71. Which among the following <u>is not</u> social securitybased Labour Legislation :

(A) The Minimum Wages Act, 1948
(B) The Workmen (now Employee) Compensation Act-1923
(C) Prevention of Corrupt Act-1988
(D) Factories Act-1948

72. The constitutional roots for participation of workers in the management of undertaking establishments or other organisations in which they are engaged employed can be traced to which among the following articles of the constitution :

(A) Article 39-A
(B) Article 43-A
(C) Article 42
(D) Article 47

70. संविधान का अनुच्छेद 24 बालकों को फैक्टरियों, सुरंगों तथा परिसंकटमय नियोजनों में कार्य करने से निषेधित करता है– इस अनुच्छेद के अन्तर्गत 'बालक' से आशय उस व्यक्ति से है जो :

(A) 12 वर्ष का हो
(B) 15 वर्ष का हो
(C) 14 वर्ष की आयु पूर्ण न किये हो
(D) कोई नहीं

71. कौन निम्न में से सामाजिक सुरक्षा आधारित श्रमिक विधायन नहीं है :

(A) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948
(B) कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम, 1923
(C) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988
(D) कारखाना अधिनियम, 1948

72. श्रमिकों का उपक्रमों प्रतिष्ठानों तथा अन्य संगठन जिनमें वे संलग्न अथवा नियोजित हो, के प्रबन्ध में भागीदारी की जड़ें संविधान के किस अनुच्छेद में पायी जाती हैं :

(A) अनुच्छेद 39 A
(B) अनुच्छेद 43 A
(C) अनुच्छेद 42
(D) अनुच्छेद 47

73. Which among the following factor is not promoter of social security :
(A) Social welfare nature of modern State
(B) Directive principles of State policy
(C) Excessive taxation policy and vote-bank based governance and policy making
(D) Progresive public movements and judicial decisions

74. Put out the <u>wrong option</u>– In Labour law field social security aims at :
(A) Strengthening the future of workman against unexpected events of life
(B) It not only answers the anvieties and uncertainites of worker but also he dependants
(C) ESI Act, 1948 providing pension linked Insurance plans, Gratuity and Bonus Acts the few social security legislation
(D) Social security is opposed to National progress and development because of its implementation cost

73. निम्न में से कौन कारक सामाजिक सुरक्षा को अग्रसारित नहीं करता :
(A) राज्य की प्रकृति का समाज कल्याणकारी होना
(B) राज्य के नीति निदेशक तत्व
(C) अत्याधिक कराधान नीति तथा वोट–बैंक आधारित शासन व्यवस्था एवं नीति निर्धारण
(D) प्रगतिशील लोक आन्दोलन एवं न्यायिक निर्णय

74. <u>गलत विकल्प</u> को चुनें– श्रमिक विधिक क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा का लक्ष्य होता है :
(A) श्रमिकों के भविष्य को जीवन की अप्रत्याशित घटनाओं के परिणाम के प्रति सशक्त करना
(B) यह न केवल श्रमिक के भावी चिंताओ तथा अनिश्चिताओं को उत्तरित करता है, अपितु आश्रितों को भी अपने दायरे में रखता है
(C) ESIअधिनियम, 1948 पेंशन आधारित योजनाओं को लाना, ग्रेच्यूटी तथा बोनस विधियन इसको दर्शाते हैं
(D) सामाजिक सुरक्षा राष्ट्र की प्रगति एवं विकास में बाधक है, अपने क्रियान्वयन मूल्य के कारण

75. Choose the best option- Under Workmen Compensation Act Workman Compensation Commissioner is a person appointed under :
   (A) Section 2(1) (b) of the Act
   (B) Section 20 of the Act
   (C) Section 20 but mentioned under Section 2(1) (b) of the Act
   (D) None of the above

75. सर्वोत्कृष्ट विकल्प चुनें – कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के अनुसार कर्मकार प्रतिकर कमिश्नर ऐसा व्यक्ति है जिसकी नियुक्ति :
   (A) अधिनियम की धारा 2(1) (b) के तहत होती है
   (B) अधिनियम की धारा 20 में होती है
   (C) अधिनियम की धारा 20 में परन्तु वर्णन धारा 2(1) (b) में है
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

76. Select in correct option- In permanent total disability :
   (A) Earning capacity is totally lost
   (B) Definition of is given in Section 2(1) (L) of workmen Compensation Act
   (C) Earning capacity may revive after sometime
   (D) Disability is absolute and earning recovery is not possible

76. गलत विकल्प को बतायें– स्थायी पूर्ण निर्योग्यत में :
   (A) अर्जन क्षमता पूर्णतया समाप्त हो जाती है
   (B) की परिभाषा कर्मकार प्रतिकर अधिनियम की धारा 2(1) (L) में है
   (C) अर्जन क्षमता कुछ समय बाद पुनः वापस आ सकती है
   (D) निर्योग्यता आत्यांतिक होती है और अर्जन क्षमता का वापस आना संभव नहीं है

77. The liability of employer for injury caused to a workman at the workplace is beyond doubt provided workman acted carefully however if goes out for his home after work and in the way meet with accident then also employer would be liability :
   (A) Theory of Motional Extension of employers premises
   (B) Doctrine of absolute liability
   (C) Equitable liability
   (D) On principle that contract of service existed at accident time

77. कार्यस्थल पर कारित क्षति के लिए नियोजक दायी होता है, यह निर्विवाद है, बशर्ते कर्मकार सावधान रहा हो परन्तु यदि कार्य पूर्ण होने पर कर्मकार घर जाते समय दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त होता है, तो तब भी नियोजक दायी होगा :
   (A) नियोजक के परिसरों का विस्तार भावात्मक प्रसरण सिद्धान्त से
   (B) आत्यांतिक दायित्व सिद्धान्त से
   (C) साम्यिक दायित्व से
   (D) दुर्घटना के समय सेवा नियोजन विद्यमान या के सिद्धान्त पर

78. Section 3(2) of workmen (now employee) Compensation Act is related to :

(A) Employer's liability for occupational disease

(B) Contracting of an occupational disease after end of service and employers liability still on it

(C) Alternative remedy

(D) Equitable compensation liability of employer

78. कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम की धारा 3(2) संबंधित है :

(A) उपजीविकाजन्य बीमारियों के संबंध में नियोजक दायित्व से

(B) सेवा समाप्ति के पश्चात उपजीविकाजन्य रोग होने पर नियोजक के दायित्व से

(C) वैकल्पिक उपचार से

(D) नियोजक के साम्यिक प्रतिकर दायित्व से

79. If the personal injury caused to a workmen permanently or partially lasts only 3 days then the employer is not bound to pay compensation under which section of workmen (now employee) Compensation Act,1923 :

(A) Section 3(1)

(B) Section 3(2)

(C) Section 5(1)

(D) Section 5(2)

79. यदि कर्मकार को कारित व्यक्तिगत क्षति उसे तीन दिन तक पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से निःशक्त कर देती है, तब भी नियोक्ता प्रतिकर देने के लिए कर्मकार (अब कर्मचारी) प्रतिकर अधिनियम 1923 के तहत किस धारा के अनुसार दायी नहीं होगा :

(A) धारा 3(1)

(B) धारा 3(2)

(C) धारा 5(1)

(D) धारा 5(2)

80. The new name of workmen compensation Act by 2010 amendment Act, is :

(A) Employees compensation Act, 1923

(B) Labour compensation Act, 1923

(C) Workmen compensation Act, 1923

(D) Organization workers compensation Act, 1923

80. 2010 संशोधन अधिनियम द्वारा कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923 का नाम बदलकर हो गया है :

(A) कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923

(B) मजदूर प्रतिकर अधिनियम, 1923

(C) श्रमिक प्रतिकर अधिनियम, 1923

(D) संगठन श्रमिक प्रतिकर अधिनियम, 1923

81. Workers participation in Safety Management of a factory is provided in which Section of the factories Act, 1948 :

(A) Section 41-G
(B) Section 41-E
(C) Section 42-G
(D) Section 42-E

81. कर्मकारों के फैक्टरी सुरक्षा प्रबन्धन में सहभागिता संबंधी प्रावधान फैक्टरी अधिनियम, 1948 की किस धारा में है :

(A) धारा 41–G
(B) धारा 41–E
(C) धारा 42–G
(D) धारा 42–E

82. If chief inspector does not grants a licence to a factory, the appeal can be made to :

(A) State Government
(B) Central Government
(C) Factory Commissioner
(D) High Court

82. यदि प्रमुख निरीक्षक फैक्टरी को लाईसेन्स देना अस्वीकार कर दे, तो अपील की जा सकेगी :

(A) राज्य सरकार को
(B) केन्द्र सरकार को
(C) फैक्टरी कमिश्नर को
(D) उच्च न्यायालय में

83. A welfare officer must be appointed in a factory when the number of workers in the factory is:

(A) 500
(B) 250
(C) 300
(D) 350

83. एक फैक्टरी में कल्याण अधिकारी अनिवार्य रूप से नियुक्त होना चाहिए यदि उसमें काम करने वाले कर्मकारों की संख्या हो :

(A) 500
(B) 250
(C) 300
(D) 350

84. Under the factories Act, 1948 there must be a safety officer where number of persons working in a factory are :

(A) 500
(B) 750
(C) 1000
(D) 900

84. फैक्टरी अधिनियम के अनुसार प्रत्येक फैक्टरी में सुरक्षा अधिकारी नियुक्त हो जहाँ कार्य करने वाले कर्मकारों की संख्या हो :

(A) 500
(B) 750
(C) 1000
(D) 900

85. The Section of factories Act dealing with 'Hazardous Process' is :

(A) Section 2 (cb)
(B) Section 2 (ca)
(C) Section 2 (bb)
(D) Section 2 (c)

86. 'Child' under the factories Act, means a person who has :

(A) Completed 15 years of age
(B) Not completed 15 years of age
(C) Who is 14 years of age
(D) Who has not completed 14 years of age

87. Which among the following is not a welfare measure under the factories Act :

(A) Canteen facility
(B) Creche facility
(C) Drinking water facility
(D) Availability of alcoholic beverage

88. Section 49 of the factories Act, 1948 deals with the appointment of a :

(A) Welfare officer
(B) Safety officer
(C) Certifying surgeon
(D) Health officer

85. फैक्टरी अधिनियम की वह धारा जो 'परिसंकटमय प्रक्रिया' से संबंधित है :

(A) धारा 2 (cb)
(B) धारा 2 (ca)
(C) धारा 2 (bb)
(D) धारा 2 (c)

86. फैक्टरी अधिनियम के अन्तर्गत 'बालक' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसने :

(A) 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो
(B) 15 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो
(C) जो 14 वर्ष का हो
(D) जो 14 वर्ष की आयु पूर्ण न किये हो

87. निम्न में से कौन फैक्टरी अधिनियम, के अन्तर्गत कल्याणकारी सुविधा नहीं है :

(A) कैन्टीन व्यवस्था
(B) शिशुगृह व्यवस्था
(C) पीने के पानी की व्यवस्था
(D) मदिरा आधारित पेय पदार्थो की व्यवस्था

88. फैक्टरी अधिनियम, की धारा 49 संबंधित है, किस अधिकारी की नियुक्ति से :

(A) कल्याण अधिकारी
(B) सुरक्षा अधिकारी
(C) प्रमाणकर्त्ता अधिकारी
(D) स्वास्थ्य अधिकारी

89. A premises and its precincts carrying out-manufacturing process <u>without the aid of power</u>will be a factory under the factories Act, 1948 if the number of workers working are :

(A) 10 or more
(B) 15 or more
(C) 50 or more
(D) 20 or more

90. Manufacturing process under the factories Act, is defined in Section :

(A) 2 (m)
(B) 2 (k)
(C) 2 (n)
(D) 2 (g)

91. Section 7 of the factories Act, 1948 deals with general duties of-

(A) Inspectors
(B) Occupier
(C) Welfare officer
(D) Security officer

92. The Provisions related to appointment and powers of inspectors are contained in which sections of the factories Act :

(A) Sections 8 and 9
(B) Sections 8 and 11
(C) Sections 9 and 11
(D) Sections 8 and 10

89. परिसीमाओं सहित ऐसे परिसर में जहाँ विनिर्माण प्रक्रिया संचालित हो रही हो बिना यन्त्र शक्ति के वह फैक्टरी अधिनियम, 1948 के अनुसार फैक्टरी होगी यदि कार्यरत कर्मकारों की संख्या हो :

(A) 10 या अधिक
(B) 15 या अधिक
(C) 50 या अधिक
(D) 20 या अधिक

90. फैक्टरी अधिनियम कि जिस धारा में 'विनिर्माण प्रक्रिया' को परिभाषित किया गया है, वह है :

(A) धारा 2 (m)
(B) धारा 2 (k)
(C) धारा 2 (n)
(D) धारा 2 (g)

91. फैक्टरी अधिनियम की धारा '7' संबंधित है, किनके सामान्य कर्त्तव्यों से :

(A) निरीक्षकों के
(B) अधिष्ठाता के
(C) कल्याण अधिकारी के
(D) सुरक्षा अधिकारी के

92. फैक्टरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत फैक्टरी में निरीक्षकों की नियुक्ति तथा शक्तियों के संबंध में प्रावधान किन धाराओं में है :

(A) धाराओं 8 और 9 में
(B) धाराओं 8 और 11 में
(C) धाराओं 9 और 11 में
(D) धाराओं 8 और 10 में

93. Under the factories Act, 1948 the person having absolute control over the factory is called :
(A) Occupier
(B) Manager
(C) Chairman
(D) Managing Director

94. The provision related to exemption of classes of Employees from Payment of BonusAct is contained in :
(A) Section 16
(B) Section 32
(C) Section 22
(D) Section 25

95. The violation of the provisions of Bonus Act or rules there to will invite punishment to the offender with :
(A) Imprisonment up to 6 months or fine of Rs. 1,000/= or both
(B) 3 months imprisonment or fine up to Rs. 500 or both
(C) 2 months imprisonment or fine up to Rs. 1,000/= or both
(D) Only imprisonment up to 3 months

96. From the closure of accounting year Bonus must be paid to an employee within :
(A) 6 months
(B) 8 months
(C) 3 months
(D) 9 months

93. फैक्टरी अधिनियम, 1948 के तहत वह व्यक्ति जिसका फैक्टरी पर पूर्ण नियन्त्रण होता है, कहलाता है :
(A) अधिष्ठाता
(B) मैनेजर
(C) चेयरमैन
(D) कार्यकारी निदेशक

94. बोनस भुगतान अधिनियम की वह धारा जो विभिन्न वर्ग के कर्मचारियों को बोनस अधिनियम से अपवर्जित करती है, वह है :
(A) धारा 16
(B) धारा 32
(C) धारा 22
(D) धारा 25

95. बोनस अधिनियम 1965 के प्रावधानों अथवा संबंधित नियमों का उल्लंघन करने पर दोषी दंडित होगा :
(A) 6 माह तक के कारावास या रू० 1000/= के जुर्माने अथवा दोनों से
(B) 3 माह तक का कारावास या रू० 500 तक का जुर्माना या दोनों
(C) 2 माह तक का कारावास अथवा रू० 1,000/= तक का जुर्माना या दोनों
(D) केवल तीन माह तक के कारावास से

96. लेखा वर्ष के बन्द होने के पश्चात कितनी अवधि में कर्मचारी को बोनस भुगतान हो जाना चाहिए :
(A) 6 माह में
(B) 8 माह में
(C) 3 माह में
(D) 9 माह में

97. The minimum Bonus which an employer must pay even if he suffers losses during the accounting year or there is no allocable surplus, would be :

(A) 10% of the salary or wages during the accounting year

(B) 20% of the salary or wages during the accounting year

(C) 8.33% of the salary or wages during the accounting year

(D) None of the above

97. वह न्यूनतम बोनस एक नियोजक को अनिवार्य रूप से देना होगा, यद्यपि वह उस लेख वर्ष में हानि से प्रभावित हो अथवा कोई आवँटित अधिशेष न हो :

(A) उस लेखा वर्ष के वेतन अथवा मजदूरी का 10%

(B) उस लेखा वर्ष के वेतन या मजदूरी का 20%

(C) उस लेखा वर्ष के वेतन या मजदूरी का 8.33%

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

98. The definition of 'Accounting year' is given under which section of the payment of Bonus Act, 1965:

(A) Section 2(1)

(B) Section 3(1)

(C) Section 4(1)

(D) Section 8(1)

98. बोनस भुगतान अधिनियम की किस धारा में 'लेखा वर्ष' को परिभाषित किया गया है :

(A) धारा 2(1)

(B) धारा 3(1)

(C) धारा 4(1)

(D) धारा 8(1)

99. Every employee receiving salary or wages upto Rs. 3,500/= Per month and engaged in any types of work is entitled to Bonus for every accounting year if he has worked in that year for at least :

(A) 15 working days

(B) 30 working days

(C) 60 working days

(D) 90 working days

99. प्रत्येक कर्मचारी जिसकी मजदूरी अथवा आय रू० 3,500/= प्रतिमाह तक हो और वह किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजित हो, तब वह प्रत्येक लेखा वर्ष में बोनस पाने का हकदार होगा यदि उसने उस वर्ष न्यूनतम कार्य किया हो :

(A) 15 कार्य दिवसों पर

(B) 30 कार्य दिवसों पर

(C) 60 कार्य दिवसों पर

(D) 90 कार्य दिवसों पर

100. Payment of Bonus Act, is applicable to every factory and to every other establishment where in an accounting year the number of workmen employed per day are :

(A) 20 or more

(B) 10 or more

(C) 50 or more

(D) 40 or more

100. बोनस भुगतान अधिनियम हर ऐसी फैक्टरी अथवा अन्य प्रतिष्ठान पर लागू होगा, जहाँ प्रत्येक लेखा वर्ष में प्रतिदिन नियोजित कर्मकारों की संख्या हो :

(A) 20 या अधिक

(B) 10 या अधिक

(C) 50 या अधिक

(D) 40 या अधिक

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET)** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.